आएगा सांवरा लीले चढ़ के आएगा

आएगा सांवरा लीले चढ़ के आएगा,आएगा
ये विश्वाश हमारा, बनेगा मेरा सहारा

तूफानों में भी सहारा मिलेगा
मेरी नैया को भी किनारा मिलेगा
वो हारे का सहारा, बनेगा मांझी हमारा
आएगा साँवरा लीले चढ़ के आएगा,आएगा

दर्द मेरे दिल का जब श्याम सुनेगा
विश्वाश अटल है ये, वो रुक ना सकेगा
सिर पे हाथ फिरायेगा, वो दातार हमारा
आएगा साँवरा लीले चढ़ के आएगा, आएगा

व्यर्थ ना जायेगा मेरी, आँख का पानी
एक ना एक दिन तो होगी मेहरबानी
पुलकित मन गायेगा, चमकेगा मेरा सितारा
आएगा सांवरा लीले चढ़ के आएगा, आएगा

गायक: पुलकित शर्मा कानपुर ७०५२२४२५२६
लेखक: सतेंद्र त्रिवेदी कानपुर

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15968/title/aayega-sanwara-leele-chad-ke-aayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |